मैया के दीवाने आ गये

मैया के दीवाने आ गये,
चुनर में प्यार भर के श्रृंगार लाये हम तो मैया तेरे दर पे,
जगराते के बहाने आ गये,
मैया के दीवाने आ गये,

हम बेटे है तेरे माँ हम दर्शन को है आये,
हर कोई पूजे तुम को माँ तुम को चुनड़ी चढ़ाने आ गये,
मैया मेरी शेरावाली रखना मेरी लाज दर्शन देके लाटा वाली देना आशीर्वाद,
यश गाने के बहाने आ गये,
मैया के दीवाने आ गये.......

तू जगजानी पालनहारी करियो छमा सब भूल,
तोरे चरण में मइयां मिलत है रोज ही ताजे फूल,
मेहर वाली शरधा माई रखना मेरी लाज,
दर्शन देके लाटा वाली देना आशीर्वाद,
यश गाने के बहाने आ गये,
मैया के दीवाने आ गये,

जो कोई भक्ति करे तिहारी सच्चे मन से ध्यावे,
मन वंचित फल देती माता भंडारे भर जाते,
मेहर वाली माता रानी रखना मेरी लाज,
जगराते की रात में मइयां दर्शन देना आज,
मैया के दीवाने आ गये,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7144/title/maiya-ke-diwane-aa-gaye-chunar-me-pyar-bhar-ke-shingar-laye-hum-to-miaya-tere-dar-pe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |